Hindi Urdu for Health

The Practice of Medicine in Hindi and Urdu

repositories.lib.utexas.edu/handle/2152/64261

Hindi Urdu Flagship | South Asia Institute | Department of Asian Studies | The University of Texas at Austin

Ayurvedic Practice

Ayurveda is an ancient Indian system of medicine that has developed and flourished at least since the time of the fourth Veda, Atharva-Veda. In fact, the sway of Ayurveda, literally, the "scripture of longevity" has been such on the mind of the populace that it has sometimes been called the fifth Veda. It is often thought of as a "holistic" system of medicine that brings into balance the three vital components of the body through the use of herbs and specific dietary practices. Scholars have pointed out that Ayurveda was so developed even in the ancient times that one can find references to surgery within it, referred to as "Shalya Chikitsa." Not many Ayurvedic doctors practice Shalya Chikitsa now, for that part of medicine has been taken over by modern medicine and hospital based surgery. However, the principles of Ayurveda are still recognized to be universally applicable and therefore, very popular in India and the Indian diaspora. There are many reputed indigenous pharmaceutical companies that produce Ayurvedic medicine for sale all over the world.

Patient's Process of Doctor's Selection

Video URI: hdl.handle.net/2152/65495

Contents:

Hindi Transcription 2
Hindi Vocabulary 4
Hindi Questions 6
Urdu Questions 7

🅭 South Asia Institute, The University of Texas at Austin

Hindi Transcription

ये बतायें आप लोग कहां से हैं और कितने साल से डॉक्टर साहब के पास आ रहे हैं?

हम रहते तो यहां हैं, सीलमपुर... सीलमपुर में रहते हैं...

जोर से बोल तनिक...

सीलमपुर में रहते हैं, हमारी जो ताई है ना, ताई...

वो काफी सालों से...

सगी ताई है ना जो, तो वो काफी साल से आ रही है यहां पर... उनके छोटे बच्चों को भी अगर खांसी होती है तो वो तुरंत यहीं आती हैं... हमने भी कहा कि वहां से दवा ले लो, तो नहीं, हम तो जहां से आते हैं वहीं जाते हैं शुरु से...

मतलब किसी ने हमें बताया फिर हम...

अब हम...

यहां पर आये हैं...

अब हमको

दो-तीन महीने से आ रहे हैं हम यहां तो...

अब हमको कुछ प्रॉब्लम हो गई है हमको, और हमको हॉरमोन्स में कुछ बता दिया, तुम्हारे यहां बच्चे-वच्चे नहीं होंगे, या इस वजह से फिर हम यहां पर आये हैं...

तो, हमारी ताई को तो हमने बताया नहीं, एक दिन वो ही बोल पड़ी, कि क्या बात है सुरेश, अभी शादी हो गई, बच्चे-वच्चे क्यों नहीं हैं आपके, क्या? तो मैंने कहा, फिर ताई को खुलके बताया हर चीज, कि ताई मेरे को ऐसी-ऐसी प्रॉब्लम है, मुझे ऐसा-ऐसा लगता है, मन में कुछ अशंका है... तो मेरी ताई बोली, चलो ठीक है, शंका लगती है, तुम मेरे साथ चलो... मैंने कहा चलो... फिर ये यहां लाई, ये अंकल जी ने सब समझाया हमें... कि देखो जी ईलाज लंबा भी चल सकता है और बीच में झटका भी मार सकता है... मतलब बीच में ईलाज आपका क्या पता पूर्ण हो जाये, मतलब तीन से पांच महीने भी खानी पड़ सकती है दवाई, या छः महीने भी, हद से हद... आईडिया ये ही बताया था उन्होंने... तो अब ये है, भई हमारे बीच में लड़ाई-झगड़ा काफी हुआ... बच्चे नहीं होंगे तो मैं चली जाऊंगी अपने घर... हमने कहा, कोई बात नहीं... इन्होंने, अंकल जी ने समझाया इनको, कि कोई घबराने वाली बात नहीं है... छोटी-मोटी प्रॉब्लम है, सॉल्व हो जायेगी... बाकी आप फिर भी अगर विश्वास नहीं करना चाहते तो आप जा सकते हो... अब ये, इसी बात के लिये तसल्ली करती है, हर हफ्ते मेरे साथ आती है, पहले तो आती भी नहीं थी, मगर अब तो एक-डेढ़ महीने से लगातार आ रही है... कहीं मैं सोचूं कि मैं झूठ बोल रहा हूं, मगर ये आती है हर विज़िट पे, डॉक्टर साहब इसको बताते हैं कि बेटी, ऐसी कोई घबराने वाली बात नहीं है, छोटी-मोटी प्रॉब्लम है, किस इंसान को प्रॉब्लम नहीं आती... आ जाती है... कोई गलत काम नहीं करना, कोई

© South Asia Institute, The University of Texas at Austin

नशा भी नहीं, चलो कोई दारू पीता हूं या गांजा, या कुछ भी, कुछ भी नहीं पीता मैं... किस्मत है, जो प्रॉब्लम थी वो हो गई... मगर जब से अंकल जी ने बताया है तो काफी मुझको आराम भी है और बहुत आराम है, काफी...

आपको क्या लगता है, इससे क्या होने वाला है?

(महिला के हंसने की आवाज़)

नहीं आपको थोड़ा सा विश्वास नहीं था पहले... अब विश्वास आ गया है?

हां, लगता है थोड़ा-थोड़ा विश्वास अब, मतलब, पहले ये लोग, मतलब, पहले वहां जाते थे, अरविन में चक्कर लगाते थे... हम सोचते थे कि नहीं, ये झूठ बोल रहे हैं हमसे, के ये हम वहां जाते हैं, वहां जाते हैं, तो हम इनकी मम्मी से भी बहुत बोली के हम, मतलब, के आप इनका ईलाज नहीं करवा रहे हो... तो वो कह रहे, नहीं हम इनका ईलाज करवायेंगे तो टैम आने पर करवायेंगे... मैंने कहा टैम आने पे कब करवाओगे आप, मैंने कहीं... तो कह रहे थे हमारे हाथ में जब पैसे आयेंगे तब इनका इलाज दिखयेंगे... तब इनको दिखायेंगे, करेंगे... तो इस बात पर हमारे घर में बहुत तू-तू, मैं-मैं हुई... मम्मी, पापा, इनकी, सबकी लड़ाई हुई... तो फिर इस वजह से हमने इनसे कहा था कि आप, अपने, इनका इलाज करवाओ... जब मैं यहां पर आऊंगी, नहीं तो नहीं आऊंगी... ऐसे बोला था मैंने... तो फिर हमने कहा, हमारी सास बोलने लगी के कोई बात नहीं, तू घबरा मत, हम अपने लड़के का ईलाज करवायेंगे और तेरे घर पे होंगे बच्चे-वच्चे, सब होंगे... एक हमारी ताई हैं, उनसे बोला, कहा, मैं काफी रोई, उन्होंने मुझे फिर समझाया, कि रोये मत तू, डॉक्टर हैं हमारे बहुत पुराने, उनके पास इनको लेकर जायेंगे, सही हो जाओगे... तुम घबराओ मत... घबराना नहीं बिल्कुल... मैंने ऐसा कहा था... फिर इस वजह से मुझे अब थोड़ा विश्वास लगता है...

और जब से ये हर्बन की कुछ जांचें-वांचें आई थी तो उसमें तो बिल्कुल उम्मीद हमने छोड़ दी थी... मतलब उन्होंने बताया कि, हरेक डॉक्टर को दिखाया मैंने, कि डॉक्टर साहब मुझे ये प्रॉब्लम है, ये कैसे ठीक हो पायेगी? तो सबने मना ही कर दिया...

मना ही कर दिया सबने...

नहीं ही होगा...

मतलब...

हमने प्राईवेट भी बहुत करा के देख लिया...

एक तुक्का है कि लग भी सकता है और नहीं भी हो सकता है काम तुम्हारा... एक ये ही है, बस... बात है, सौ परसैंट में से यही है कि हमें 90% नहीं होगा, 10% हो सकता है... सब जगह, प्राईवेट भी एक जगह कागज़-वागज दिखाये, खंडेलवाल है तुम्हारा कृष्णा नगर पे, मेन रोड़ पर, वहां दिखाया, वहां उन्होंने चैकअप किया, उन्होंने भी यही लिखा था कि भई तुम्हारा ऑपरेशन तो संभव है... हमने कहा ठीक है जी... मगर ऑपरेशन संभव तब है, जब, ऑपरेशन कामयाब

Hindi Vocabulary

	सगी ताई
	काफी साल से आ रही है
Small children	छोटे बच्चों को
Cough	खांसी
Medicine	दवा
Someone told us	किसी ने हमें बताया
There has been some problem	कुछ प्रॉब्लम हो गई है
	तुम्हारे यहां बच्चे-वच्चे नहीं होंगे
	बच्चे-वच्चे क्यों नहीं हैं
	मन में कुछ अशंका है
Doubt	शंका
Explained	समझाया
	ईलाज लंबा भी चल सकता है
	बीच में झटका भी मार सकता है
	पूर्ण हो जाये
	लड़ाई-झगड़ा
	घबराने वाली बात नहीं है
	छोटी-मोटी प्रॉब्लम है
Will be solved	सॉल्व हो जायेगी
	तसल्ली
Every week	हर हफ्ते
Continuous	लगातार
Lie	झूठ
Person	इंसान
	गलत काम
	नशा
Liquor	दारू
Marijuana	गांजा
	किस्मत
Lady	महिला

© South Asia Institute, The University of Texas at Austin

	विश्वास
Used to think	सोचते थे
Lying	झूठ बोल रहे हैं
Meaning	मतलब
Cure, remedy, treatment	ईलाज
	ईलाज करवायेंगे तो टैम आने पर करवायेंगे
Cure, remedy, treatment	इलाज
Argue	तू-तू, मैं-मैं
For this reason	इस वजह से
Get him/her treated	इनका इलाज करवाओ
Don't be nervous	तू घबरा मत
	मैं काफी रोई
	हर्बन
	जांचें-वांचें
	सबने मना ही कर दिया
	तुक्का
	चैकअप
An operation is possible	ऑपरेशन तो संभव
	ऑपरेशन कामयाब है
Prescription	पर्चे
	चक्कर कटवा रहे हैं
	जांच ही जांच
	खाली एक जांच होती है इसकी
Comfort	आराम
	आराम है तो दवा लेते हैं
Expectation	उम्मीद

© South Asia Institute, The University of Texas at Austin

Hindi Questions

1. इस मरीज़ के यहाँ आने का मुख्य कारण क्या था?

1 अरविन जाना

2 प्राइवेट जाँच करवाना

3 ताई जी का कहना

4 बच्चों का कहना

2. इस मरीज़ के लिए कौन सी एक जाँच ज़रूरी थी?

1 ई.वी.जी.

2 हरमोन

3 पेट की

4 भूख की

© South Asia Institute, The University of Texas at Austin

Urdu Questions

اس مرٰیض کے یہاں آنے کی وجہ کیا تھی؟

1 اورن جانا

2 پرائویٹ چانچ کرانا

3 تائی جی کا کہنا

4 بچّوں کا کہنا

اس مریض کے لئے کونسی ایک چانچ ضروری تھی؟

1 ای- وی- جی-

2 ہرمون

3 پیٹ کی

4 بھوک کی